Title: Need to provide financial assistance to Government of U.P. for construction of bridge on Kali river in Kannauj Parliamentary Constituency.

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : सभापति महोद्य, मेरे संसदीय क्षेत्र कन्नौज को काली नदी विभाजित करती हैं। दोनों नदी के कारण संसदीय क्षेत्र भी दो भागों में बंट गया है। नदी पर पुल न होने के कारण क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पुल के अभाव में लगभग 35 कि.मी. से भी अधिक की दूरी तय कर जनता अपने गन्तव्य स्थानों पर जाती है। इसमें समय भी काफी बर्बाद होता है।

सभापति महोद्य, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि काली नदी पर शीघ्र एक पुल का निर्माण करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराए जिससे क्षेत्र की तमाम जनती की वर्षों से चली आ रही आवागमन की इस विकट समस्या का समाधान हो सके।